क्रमांक 1538

**H**

विषय कोड पुस्तिका कोड

**2** **B**

# 2017 (I)

# भू, वायुमंडलीय, सागर एवं ग्रहीय विज्ञान प्रश्न पत्र

समय : 3:00 घंटे

पूर्णांक : 200 अंक

## अनुदेश

1. आपने हिन्दी को माध्यम चुना है । इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ पचास (20 भाग 'A' में + 50 भाग 'B' + 80 भाग 'C' में ) बहुल विकल्प प्रश्न (MCQ) दिए गए हैं । आपको भाग 'A' में से अधिकतम 15 और भाग 'B' में 35 प्रश्नों तथा भाग 'C' में से 25 प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तो केवल भाग 'A' से 15, भाग 'B' से 35 तथा भाग 'C' से 25 पहले उत्तरों की जांच की जाएगी ।
2. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से उसी कोड की पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पृष्ठ 1 में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए, साथ ही अपना हस्ताक्षर भी अवश्य करें ।
4. आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को काले बॉल पेन से अवश्य काला करें। यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिससे आपकी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अस्वीकृति भी शामिल, हो सकती है ।
5. भाग 'A' तथा 'B' में प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक और भाग 'C' में प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है । भाग 'A' तथा 'B' में प्रत्येक गलत उत्तर का ऋणात्मक मूल्यांक @ 0.50 अंक तथा भाग 'C' में @ 1.32 अंक किया जाएगा।
6. प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है। आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है ।
7. नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले परीक्षार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।
8. परीक्षार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।
9. केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
10. परीक्षा समाप्ति पर छिद्र बिन्दु चिन्हित स्थान से OMR उत्तर पत्रक को विभाजित करें। इन्विजीलेटर को मूल OMR उत्तर पत्रक सौंपने के पश्चात आप इसकी कॉर्बनलैस प्रतिलिपि ले जा सकते हैं।
11. हिन्दी माध्यम/संस्करण के प्रश्न में विसंगति होने/पाये जाने पर अंग्रेजी संस्करण प्रमाणिक होगा ।
12. केवल परीक्षा की पूरी अवधि तक बैठने वाले परीक्षार्थी को ही परीक्षा पुस्तिका साथ ले जाने की अनुमति दी जाएगी ।

रोल नंबर :..............................

नाम :.........................................

परीक्षार्थी द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ

..............................

इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर

FOR ROUGH WORK

# भाग \PART 'A'

1. एक वर्ग की भुजा 'a' है। इसमें सबसे बड़ा संभाव्य वृत्त बैठायें और इस वृत्त के अंदर एक सबसे बड़ा संभाव्य वर्ग बैठायें। सबसे अंदर वाले वर्ग की भुजा की लम्बाई क्या है?

| | |
|---|---|
| 1. $a/_{\pi\sqrt{2}}$ | 2. $a/_2$ |
| 3. $\frac{a}{2\sqrt{2}}$ | 4. $a/_{\sqrt{2}}$ |

1. Consider a square of side $a$. Fit the largest possible circle inside it and the largest possible square inside the circle. What is the side length of the innermost square?

| | |
|---|---|
| 1. $a/_{\pi\sqrt{2}}$ | 2. $a/_2$ |
| 3. $\frac{a}{2\sqrt{2}}$ | 4. $a/_{\sqrt{2}}$ |

2. जब मैं घर से कार्यालय 5 किमी./घंटा की गति से चलकर जाता हूँ तो 8 मिनट देर से कार्यालय पहुंचता हूँ। यदि मैं 8 किमी./घंटा की गति से चलता हूँ तो 5 मिनट देर से पहुँचता हूँ। मेरे घर से कार्यालय कितनी दूर है?

| | |
|---|---|
| 1. 2 किमी. | 2. 1/3 किमी. |
| 3. 2/3 किमी. | 4. 1/2 किमी. |

2. Walking from my home at a speed of 5 km/h I am 8 minutes late in reaching my office. If I walk at a speed of 8 km/h I reach 5 minutes late. How far is my office from the house?

| | |
|---|---|
| 1. 2 km | 2. 1/3 km |
| 3. 2/3 km | 4. 1/2 km |

3. A, B और C तीन विभिन्न अंक हैं। यदि इन्हें नीचे दिखाये अनुसार जोड़ा गया है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| + | A | B | C |
| + | A | B | C |
| | C | C | C |

तो A, B और C का मान ज्ञात करें

1. A = 3, B = 4, C = 5
2. A = 2, B = 3, C = 1
3. A = 5, B = 1, C = 3
4. A = 1, B = 8, C = 5

3. A, B and C are three distinct digits. If they are added as below,

| | | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| + | A | B | C |
| + | A | B | C |
| | C | C | C |

find out the value of A, B and C

1. A = 3, B = 4, C = 5
2. A = 2, B = 3, C = 1
3. A = 5, B = 1, C = 3
4. A = 1, B = 8, C = 5

4. भूमध्य रेखा पर एक कसकर बंधने वाली पट्टी लपेटी गई है। एक दूसरी वृत्ताकार पट्टी जिसकी लंबाई पहली पट्टी की अपेक्षा 15 मी. अधिक है, पहली पट्टी से कुछ ऊँचाई पर स्थित है। व्यक्तियों का एक समूह लंबी पट्टी के नीचे से निकलने की चेष्टा करता है क्या वे इसके नीचे चल पायेंगे? (पृथ्वी की परिधि लगभग 40,000 किमी. है। व्यक्तियों की लंबाई 1 से 2 मीटर के बीच है)

1. हां
2. नहीं
3. ज्ञात नहीं किया जा सकता।
4. 1.7 मीटर लंबाई से कम वाले व्यक्ति ही।

4. A tight fitting band is wrapped around the Equator. Another circular band whose length is 15 m more lies at a certain height over the first band. A group of human beings attempt to pass under the longer band. Can they walk under it? (Earth's circumference is roughly 40,000 km. The height of human beings is between 1 & 2 m)

1. Yes
2. No
3. Can not be determined
4. Only those with height less than 1.7 m

5. यदि NET14 एवं NET15 पांच अंकों की ऐसी संख्यायें हैं जिसमें उनका योग = 157229, तब N + E + T कितना होगा?

| | |
|---|---|
| 1. 15 | 2. 21 |
| 3. 25 | 4. 72 |

5. If NET14 & NET15 are five digit numbers such that their sum = 157229, then N + E + T would be

| | |
|---|---|
| 1. 15 | 2. 21 |
| 3. 25 | 4. 72 |

6. एक बेलनाकार केक को 16 बराबर भागों में काटा जाना है। इसे करने के लिए कम से कम कितनी बार इसे काटा जाये?

1. 9 2. 3
3. 8 4. 5

6. A cylindrical cake is to be cut into 16 equal pieces. What is the minimum number of cuts required to do so?

1. 9 2. 3
3. 8 4. 5

7. '*N*' दो अंकों की एक ऐसी संख्या है जिसके अंकों का गुणनफल जब उनके योग में जोड़ा जाता है तो वह '*N*' के बराबर हो जाता है। '*N*' की इकाई स्थान का अंक होगा

1. 1 2. 7
3. 8 4. 9

7. *N* is a two digit number such that the product of its digits when added to their sum equals *N*. The unit digit of *N* would be

1. 1 2. 7
3. 8 4. 9

8. यदि $P + \frac{1}{Q} = 1$ एवं $Q + \frac{1}{R} = 1$ तब PQR कितना है?

1. $-1$
2. 2
3. $-2$
4. ज्ञात नहीं किया जा सकता

8. If $P + \frac{1}{Q} = 1$ and $Q + \frac{1}{R} = 1$, then what is PQR?

1. $-1$
2. 2
3. $-2$
4. cannot be calculated

9. जब $3^{256}$ को 5 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल क्या है?

1. 1 2. 2
3. 3 4. 4

9. What is the remainder when $3^{256}$ is divided by 5?

1. 1 2. 2
3. 3 4. 4

10. यदि 22 कैरट का सोना (मिश्रधातु में भारानुसार 22 भाग सोना तथा 2 भाग तांबा) तथा 24 कैरट का सोना (शुद्ध सोना) समान भार में मिलाकर मिश्रधातु बनायी जाती है, तब मिश्रधातु में भारानुसार तांबे का अनुपात क्या होगा?

1. $\frac{1}{2}$ 2. $\frac{1}{8}$
3. $\frac{1}{12}$ 4. $\frac{1}{24}$

10. If equal weights of 22 carat gold (alloy of 22 parts gold and 2 parts copper by weight) and 24 carat gold (pure gold) are mixed to form an alloy, what will be the weight proportion of copper in the alloy?

1. $\frac{1}{2}$ 2. $\frac{1}{8}$
3. $\frac{1}{12}$ 4. $\frac{1}{24}$

11.



एक $4m \times 4m$ की फर्श को $2m \times 1m$ के टाइल्स से ढका जाना है। दो विकर्णतः विपरीत $1m \times 1m$ आकार के कोने बिना ढ़के रखने हैं। किसी टाइल को तोड़े बिना और एक दूसरे के ऊपर रखे बिना, कितने टाइल्स की आवश्यकता है?

1. 6
2. 7
3. 8
4. ढ़कना असंभव है।

11.



A $4m \times 4m$ floor needs to be covered by tiles of size $2m \times 1m$. Two diagonally opposite corners of size $1m \times 1m$ should be left uncovered. How many tiles are required to complete the job without breaking the tiles or overlapping them?

1. 6
2. 7
3. 8
4. Impossible to cover

12. यदि 42 → 26, 71 → 78, 33 → 16,
तब 62 →

| | |
|---|---|
| 1. 68 | 2. 54 |
| 3. 38 | 4. 39 |

12. If 42 → 26, 71 → 78, 33 → 16,
then 62 →

| | |
|---|---|
| 1. 68 | 2. 54 |
| 3. 38 | 4. 39 |

13. एक दूकानदार एक फाइल एवं एक कॉपी Rs 27 में पहले ग्राहक को, एक कॉपी एवं एक पेन Rs 31 में दूसरे ग्राहक को तथा एक पेन एवं एक फाइल Rs 29 में तीसरे ग्राहक को बेचता है, वस्तुओं के मूल्य पूर्ण रूपयों में हैं। निम्न में से कौन-सा अनुमान सही है?
1. तीनों में पेन सबसे महँगा है।
2. तीनों में फाइल सबसे महँगी है।
3. तीनों में कॉपी सबसे महँगी है।
4. दूकानदार ने विभिन्न वस्तुएं विभिन्न ग्राहकों को अलग-अलग मूल्यों पर दूकानदार बेची हैं।

13. A shopkeeper sells a file and a notebook for Rs 27 to the first customer, a notebook and a pen for Rs 31 to the second customer and a pen and file for Rs 29 to the third customer. The prices of the items are rounded in rupees. Which of the following inferences is correct?
1. The pen is the costliest of the three
2. The file is the costliest of the three
3. The notebook is the costliest of the three
4. The shopkeeper sold the different items to different customers at different rates.

14. एक संगमरमर का घनाकार $(1 \times 1 \times 1\, m^3)$ खण्ड है जिसमें चित्रानुसार समतलीय विभ्रंश है। विभ्रंश को छोड़ते हुए, $20 \times 20 \times 5$ सें.मी.$^3$ की अधिकतम कितनी पट्टियां काटी जा सकती हैं?




| | |
|---|---|
| 1. 200 | 2. 300 |
| 3. 400 | 4. 500 |

14. The diagram shows a cubic block of marble $(1 \times 1 \times 1\, m^3)$ having a planar fracture. What is the maximum number of slabs sized $20 \times 20 \times 5\, cm^3$ that can be cut from this block avoiding the fracture?




| | |
|---|---|
| 1. 200 | 2. 300 |
| 3. 400 | 4. 500 |

15.




पूर्व-Ph.D. परीक्षा में 10 विद्यार्थियों के प्राप्तांक तथा उनके द्वारा M.Sc.परीक्षा के प्राप्तांकों को ग्राफ में दर्शाया गया है: निम्न में से कौन-सा सत्य है?
1. दो विद्यार्थियों ने पूर्व-Ph.D.परीक्षा में M.Sc. परीक्षा की अपेक्षा बेहतर अंक पाये हैं
2. वे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व-Ph.D. परीक्षा में 50% अंक प्राप्त किये उन्होंने M.Sc. परीक्षा में अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं
3. दो विद्यार्थियों ने पूर्व-Ph.D. व M.Sc. परीक्षाओं में समान प्रतिशत अंक पाये हैं
4. वह विद्यार्थी जिसके M.Sc. परीक्षा में सर्वाधिक अंक आये सिर्फ उसके ही पूर्व-Ph.D. परीक्षा में भी सर्वाधिक अंक आये हैं

15.




Pre-Ph.D. exam score of 10 students are plotted against their M.Sc. marks. Which of the following is true?

1. Two students have scored better in Pre-Ph.D. than their M.Sc. exam.
2. All those students who scored 50% in Pre-Ph.D. scored more percentage of marks in their M.Sc. exam.
3. Two students scored the same percentage of marks in their Pre-Ph.D. and M.Sc. exams.
4. The student who scored maximum in M.Sc. is the only student to get maximum in Pre-Ph.D. exam

16. दिखाये गये समकोणीय त्रिभुज में $\sin(A)\cos(B) + \cos(A)\sin(B)$ का मान क्या है?




1. $-1/2$
2. 1
3. $+1/2$
4. $-1$

16. With reference to the right-angled triangle shown, what is the value of $\sin(A)\cos(B) + \cos(A)\sin(B)$?




1. $-1/2$
2. 1
3. $+1/2$
4. $-1$

17. पांच लोगो के एक समूह K, L, M, N और P में L सबसे लंबा व उम्र में सबसे बड़ा है। M , N से बड़ा लेकिन K से ठिगना है। M और P समान उम्र के हैं तथा P, K से लंबा है। N और K समान लंबाई के हैं और K, P से छोटा है। निम्न अनुमानों में से कौन-सा अवश्यंभावी है?

1. P, M से लंबा है
2. N उम्र में सबसे छोटा है
3. N, P से उम्र में बड़ा है
4. N, K से उम्र में बड़ा है

17. L is the tallest and eldest of a group of five people K, L, M, N and P. M is elder to N and shorter than K. M and P are of same age and P is taller than K. N and K are of same height and K is younger to P. Which of the following inferences is certain?

1. P is taller than M
2. N is the youngest
3. N is elder to P
4. N is elder to K

18. तीन क्रमिक धन पूर्णांकों का गुणनफल उनके योग के बराबर है तो उनके वर्गों का योग क्या होगा?

1. 9
2. 14
3. 16
4. 24

18. If the product of three consecutive positive integers is equal to their sum, then what would be the sum of their squares?

1. 9
2. 14
3. 16
4. 24

19. एक लंबे धातु के बेलन को सिरे-से-सिरे तक सुसंहत (चुस्त) रूप से $d$ व्यास की $n$ गोलाकार मोम की गेंदों से भरा जाता है। यदि गेंदें पूर्ण रूप से पिघल जायें तो पिघले हुए मोम का अंश आयतन है

1. $d$ व $n$ दोनों पर निर्भर नहीं
2. $d$ व $n$ दोनों पर निर्भर
3. $d$ पर निर्भर नहीं परंतु $n$ पर निर्भर
4. $d$ पर निर्भर परंतु $n$ पर निर्भर नहीं

19. A tall metal cylinder is filled end-to-end with $n$ snugly fitting spherical wax balls of diameter $d$. If the balls melt completely, the volume fraction occupied by the melted wax is
   1. independent of both $d$ and $n$
   2. dependent on both $d$ and $n$
   3. independent of $d$, but dependent on $n$
   4. dependent on $d$, but independent of $n$

20. कुछ मछुआरों ने कुछ मछलियां पकड़ीं। किसी ने भी 20 से ज्यादा मछलियां नहीं पकड़ीं। $a_1$ मछुआरों ने आपस में कम से कम एक मछली पकड़ी, $a_2$ मछुआरों ने आपस में कम से कम दो मछलियां पकड़ीं, इसी तरह $a_{20}$ मछुआरों ने आपस में ठीक 20 मछलियां पकड़ीं। कुल कितनी मछलियां पकड़ी गयीं?
   1. $a_1 + a_2 + a_3 + \cdots + a_{20}$
   2. $a_1 + 2a_2 + 3a_3 + \cdots + 20a_{20}$
   3. $20(a_1 + a_2 + a_3 + \cdots + a_{20})$
   4. $20(a_1 + 2a_2 + 3a_3 + \cdots + 20a_{20})$

20. Some fishermen caught some fish. No one caught more than 20 fish. $a_1$ number of fishermen caught at least one fish among them, $a_2$ number of fishermen caught at least two fish among them, and so on and $a_{20}$ number of fishermen caught exactly 20 fish among them. How many fish were caught?
   1. $a_1 + a_2 + a_3 + \cdots + a_{20}$
   2. $a_1 + 2a_2 + 3a_3 + \cdots + 20a_{20}$
   3. $20(a_1 + a_2 + a_3 + \cdots + a_{20})$
   4. $20(a_1 + 2a_2 + 3a_3 + \cdots + 20a_{20})$

## भाग \PART 'B'

21. 1:50,000 मापक्रम पर एक मानचित्र तैयार किया जाता है। भूमि पर 1.0 km का मानचित्र में कितने सें.मी. प्रतिनिधित्व करते हैं?

| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 2 |
| 3. 3 | 4. 4 |

21. A map is prepared on 1:50,000 scale. How many cm on the map represents 1.0 km on the ground?

| | |
|---|---|
| 1. 1 | 2. 2 |
| 3. 3 | 4. 4 |

22. निम्न अनुक्रमों में कौन-सा एक, अनुपाटन के उत्तरोत्तर अग्रवर्ती चरणों का प्रतिनिधित्व करता है?
   1. पूर्वी अफ़्रीकी अनुपाट-लाल सागर- अट्लैंटिक महासागर
   2. लाल सागर - पूर्वी अफ़्रीकी अनुपाट - अट्लैंटिक महासागर
   3. अट्लैंटिक महासागर-लाल सागर-पूर्वी अफ़्रीकी अनुपाट
   4. अट्लैंटिक महासागर- पूर्वी अफ़्रीकी अनुपाट- लाल सागर

22. Which one of the following sequences represents progressively advanced stages of rifting?
   1. East African Rift-Red Sea- Atlantic Ocean
   2. Red Sea-East African Rift- Atlantic Ocean
   3. Atlantic Ocean-Red Sea-East African Rift
   4. Atlantic Ocean-East African Rift-Red Sea

23. खनिजों तथा उनके कालनिर्धारण के लिए सामान्यत: उपयोगी समस्थानिकी विधि का मेलान करें।

| | खनिज | | कालनिर्धारण विधि |
|---|---|---|---|
| A | बायोटाईट | X | Sm-Nd |
| B | ज़िर्कन | Y | Rb-Sr |
| C | गार्नेट | Z | U-Pb |

   1. A – Y, B – Z, C – X
   2. A – X, B – Y, C – Z
   3. A – X, B – Z, C – Y
   4. A – Z, B – X, C – Y

23. Match the minerals and the commonly used isotopic method of dating them.

| | Mineral | | Method of dating |
|---|---|---|---|
| A | Biotite | X | Sm-Nd |
| B | Zircon | Y | Rb-Sr |
| C | Garnet | Z | U-Pb |

   1. A – Y, B – Z, C – X
   2. A – X, B – Y, C – Z
   3. A – X, B – Z, C – Y
   4. A – Z, B – X, C – Y

24. रेडियोकॉर्बन, जो अवसादों के कालनिर्धारण में उपयोगी है, पृथ्वी के वायुमंडल के ऊपर उत्पादित होता है
1. प्राथमिक कॉस्मिक विकिरण के प्रोटॉनों की वायुमंडलीय कॉर्बन डायाक्साईड़ के साथ अभिक्रिया के द्वारा।
2. प्राथमिक कॉस्मिक विकिरण के प्रोटॉनों की वायुमंडलीय नाईट्रोजन के साथ अभिक्रिया के द्वारा।
3. द्वितीयक न्यूट्रानों की वायुमंडलीय ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया के द्वारा।
4. द्वितीयक न्यूट्रानों की वायुमंडलीय नाईट्रोजन के साथ अभिक्रिया के द्वारा।

24. Radiocarbon, used for dating sediments, is produced at the top of the Earth's atmosphere by the
1. primary cosmic ray protons reacting with atmospheric carbon dioxide
2. primary cosmic ray protons reacting with atmospheric nitrogen
3. reaction of secondary neutrons with atmospheric oxygen
4. reaction of secondary neutrons with atmospheric nitrogen

25. पृथ्वी की इतिहास में निम्न भूवैज्ञानिक समय अंतरालों में किसमें कंकाल युक्त जीवों का प्रथम आविर्भाव हुआ था?
1. ट्रायॉसिक
2. कैंब्रियन
3. डैवोनियन
4. क्रेटेशियस

25. Which of the following geological time intervals witnessed the first appearance of skeletal organisms in the Earth's history?
1. Triassic
2. Cambrian
3. Devonian
4. Cretaceous

26. पृथ्वी के अंदर से एक रेडियोसमस्थानिक से ऊष्मा मुक्तन की गति इनपर निर्भर हो सकता है (A) उसकी प्रचुरता (B) उसकी अर्धायु (C) क्षय के दौरान उत्सर्जित ऊर्जा। सही क्या है?
1. मात्र A
2. मात्र B
3. A तथा B, दोनों
4. A, B तथा C

26. The rate of heat released in the Earth's interior from a radioisotope could depend on (A) its abundance (B) its half life (C) the energy emitted during decay. Which is correct?
1. only A
2. only B
3. both A and B
4. A, B and C

27. क्रियाशीलत: उत्थित होते एक पर्वत की अग्रभूमि द्रोणी का समावेशी अवसादी अनुक्रम होगा:
1. गोलित खंडों युक्त, ऊपर की तरफ स्थूलित
2. कोणीय खंडों युक्त, ऊपर की तरफ सूक्ष्मित
3. कोणीय खंडों युक्त, ऊपर की तरफ स्थूलित
4. सुगोलित खंडों युक्त, ऊपर की तरफ सूक्ष्मित

27. Foreland basin of an actively rising mountain will have an overall
1. coarsening upward sedimentary sequence with rounded fragments
2. fining upward sedimentary sequence with angular fragments
3. coarsening upward sedimentary sequence with angular fragments
4. fining upward sedimentary sequence with well rounded fragments

28. काले धूम्रपानी अवक्षेपित करते हैं
1. पायराईट
2. पिर्रहोटाईट
3. स्फ़ेरालाइट
4. गलीना

28. Black smokers precipitate
1. Pyrite
2. Pyrrhotite
3. Sphalerite
4. Galena

29. निम्न विवर्तनिक आकृतियों में कौन-सा एक, महाद्वीप-महाद्वीप टक्कर का परिणाम है?
1. मरियॉना खाई
2. मध्य-अट्लैंटिक कटक
3. ऐंडीस पर्वत
4. हिमालय

**29.** Which one of the following tectonic features is a consequence of continent-continent collision?
1. Mariana trench
2. Mid-Atlanic Ridge
3. Andes Mountains
4. Himalaya

**30.** निम्न में कौन-सा हावी प्रवणता की उलटी दिशा में अवसादों के परिवहन की क्षमता रखता है?
1. नदियां
2. हिमनद
3. पवन
4. आविलधारायें

**30.** Which one of the following agents is capable of transporting sediments opposite to the the prevailing slope?
1. Rivers
2. Glaciers
3. Wind
4. Turbidity currents

**31.** इस मृदा संस्तर स्थिति में जैव-अम्लों का उत्पादन निक्षालन को त्वरित करता है।
1. O
2. A
3. E
4. B

**31.** The production of organic acids accelerates leaching in the soil horizon
1. O
2. A
3. E
4. B

**32.** वर्षा जल से संतृप्त सरंध्र बालू पत्थर, नुनखरा जल, समुद्र जल तथा लवण-जल की चालकतायें क्रमशः $\sigma_{Rw}, \sigma_{Bw}, \sigma_{Sw}$ तथा $\sigma_B$ हैं, तो
1. $\sigma_{Rw} > \sigma_{Bw} > \sigma_{Sw} > \sigma_B$
2. $\sigma_B > \sigma_{Sw} > \sigma_{Bw} > \sigma_{Rw}$
3. $\sigma_{sw} < \sigma_B < \sigma_{Bw} < \sigma_{Rw}$
4. $\sigma_B < \sigma_{Sw} > \sigma_{Rw} < \sigma_{Bw}$

**32.** The conductivities of porous sandstone saturated with rainwater, brackish water, seawater and brine are $\sigma_{Rw}, \sigma_{Bw}, \sigma_{Sw}$ and $\sigma_B$ respectively, then
1. $\sigma_{Rw} > \sigma_{Bw} > \sigma_{Sw} > \sigma_B$
2. $\sigma_B > \sigma_{Sw} > \sigma_{Bw} > \sigma_{Rw}$
3. $\sigma_{sw} < \sigma_B < \sigma_{Bw} < \sigma_{Rw}$
4. $\sigma_B < \sigma_{Sw} > \sigma_{Rw} < \sigma_{Bw}$

**33.** पृथ्वी के वायुमंडल में निम्न अक्रिय गैसों में कौन-सा प्रचुरतम है?
1. हीलियम
2. नियॉन
3. क्रिप्टॉन
4. ऑर्गान

**33.** Which of the following rare gases is the most abundant in the Earth's atmosphere?
1. Helium
2. Neon
3. Krypton
4. Argon

**34.** वर्षा जल में प्रचुर ऋणायन कौन-सा है?
1. $SO_4^{2-}$
2. $Cl^-$
3. $HCO_3^-$
4. $CO_3^{2-}$

**34.** Which is the abundant anion in rain water?
1. $SO_4^{2-}$
2. $Cl^-$
3. $HCO_3^-$
4. $CO_3^{2-}$

**35.** रासायनिक अपक्षय के लिए निम्न में कौन-सा अनिवार्य है?
1. ताप
2. वर्षा
3. दाब
4. बृहत संचलन

**35.** Which of the following is essential for chemical weathering?
1. Temperature
2. Precipitation
3. Pressure
4. Mass movement

**36.** पृथ्वी पर शुद्ध जल प्रचुरता के सही क्रम को पहचानें: (GP = हिमनदी तथा ध्रुवी बर्फ; A = वायुमंडल; LR = झील तथा नदियां; UW = अंतर्भौम जल)
1. GP > A > LR > UW
2. UW > GP > A > LR
3. A > GP > UW >LR
4. GP > UW > LR > A

**36.** Identify the correct sequence of freshwater abundance on the Earth.(GP = Glaciers and Polar ice; A = Atmosphere; LR = Lakes and Rivers; UW = Underground Water)
1. GP > A > LR > UW
2. UW > GP > A > LR
3. A > GP > UW >LR
4. GP > UW > LR > A

**37.** तरंग-कर्तित वेदी यहां विशालतम हैं:
1. अधोक्षैतिज शैल, तटरेखा से लंब नतिलंब के साथ।
2. अधोक्षैतिज शैल, तटरेखा से समांतर नतिलंब के साथ।
3. प्रवणतः नतित शैल, तटरेखा से लंब नतिलंब के साथ।
4. प्रवणतः नतित शैल, तटरेखा से समांतर नतिलंब के साथ।

37. Wave-cut platforms are the widest in
    1. subhorizontal rocks with strike perpendicular to the shoreline
    2. subhorizontal rocks with strike parallel to the shoreline
    3. steeply dipping rocks with strike perpendicular to the shoreline
    4. steeply dipping rocks with strike parallel to the shoreline

38. पृथ्वी की पर्पटी में प्रचुरता के सही बढ़ते क्रम का प्रतिनिधित्व निम्न में से कौन-सा एक करता है?

| | |
|---|---|
| 1. O – Si – Al | 2. Si – O – Al |
| 3. Al – Si – O | 4. O – Al – Si |

38. Which one of the following represents the correct increasing order of abundance in the Earth's crust?

| | |
|---|---|
| 1. O – Si – Al | 2. Si – O – Al |
| 3. Al – Si – O | 4. O – Al – Si |

39. विभिन्न प्रकारों के शैल तथा मृदाओं में भेद दिखलाने निम्न युगलों में कौन-सा सहायता करता है?
    1. स्थानिक तथा कालिक विभेदन
    2. वर्णमालायी तथा कालिक विभेदन
    3. स्थानिक तथा रेडियोमैट्रिक विभेदन
    4. वर्णमालायी तथा रेडियोमैट्रिक विभेदन

39. Which of the following pairs helps to distinguish between different types of rocks and soils?
    1. Spatial and temporal resolution
    2. Spectral and temporal resolution
    3. Spatial and radiometric resolution
    4. Spectral and radiometric resolution

40. जलोढ़ पंखाओं की तुलना में, मल्वा पंखायें इससे विशिष्टित हैं:
    1. मंदत: छांटित मल्बे तथा निमज्जक प्रवणतायें
    2. मंदत: छांटित मल्बे तथा मंदतर प्रवणतायें
    3. सुछांटित मल्बे तथा निमज्जक प्रवणतायें
    4. सुछांटित मल्बे तथा मंदतर प्रवणतायें

40. As compared to the alluvial fans, the debris fans are characterized by
    1. poorly-sorted debris and steeper gradients
    2. poorly-sorted debris and gentler gradients
    3. well-sorted debris and steeper gradients
    4. well-sorted debris and gentler gradients

41. द्वीप-चाप इनके अभिसरण की एक अभिव्यक्ति है
    1. दो महाद्वीपीय प्लेट
    2. एक महाद्वीपीय प्लेट तथा एक महासमुद्री प्लेट
    3. दो महाद्वीपीय प्लेट तथा अंत:ग्रसी प्लेट पर घटित होते हुये।
    4. दो महाद्वीपीय प्लेट तथा अध्यारोहणी प्लेट पर घटित होते हुये।

41. Island arcs are a manifestation of convergence of
    1. two continental plates
    2. a continental plate and an oceanic plate
    3. two oceanic plates and occur on the subducting plate
    4. two oceanic plates and occur on the overriding plate

42. आभासी बल कौन-सा है?
    1. गुरूत्व बल
    2. अपकेंद्री बल
    3. दाब-प्रवणता बल
    4. श्यानता बल

42. Which is an apparent force?
    1. Gravitational force
    2. Centrifugal force
    3. Pressure Gradient force
    4. Viscous force

43. एक प्रोटॉन-पुरस्सरण चुंबकमापी द्वारा पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में विसरण के परिमाण की किस कोटि की संसूचना पायी जा सकती है?
    1. 0.1 nT
    2. 0.01 nT
    3. 1 nT
    4. 0.001 nT

43. What order of magnitude variations in the Earth's magnetic field can be detected using a proton precession magnetometer?
    1. 0.1 nT
    2. 0.01 nT
    3. 1 nT
    4. 0.001 nT

44. किसी महासागरी पर्पटी के समांतर ऊष्मा प्रवाह के उच्चतम मान का प्रेक्षण तब होगा जब वह
    1. वरिष्ठतर तथा अधिक मोटी है।
    2. वरिष्ठतर तथा अधिक पतली है।
    3. तरुणतर तथा अधिक पतली है।
    4. तरुणतर तथा अधिक मोटी है।

44. Maximum values of heat flow are observed along the oceanic crust, when it is
   1. older and thicker
   2. older and thinner
   3. younger and thinner
   4. younger and thicker

45. पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के क्षैतिक तथा ऊर्ध्वाधर घटक किस चुंबकीय अक्षांश में समान होंगे?
   1. $tan^{-1}(1/\sqrt{3})$
   2. $tan^{-1}(1.0)$
   3. $tan^{-1}(0.5)$
   4. $tan^{-1}(2.0)$

45. At what magnetic latitude, the vertical and horizontal components of the Earth's magnetic field are equal?
   1. $tan^{-1}(1/\sqrt{3})$
   2. $tan^{-1}(1.0)$
   3. $tan^{-1}(0.5)$
   4. $tan^{-1}(2.0)$

46. जब एक उत्तर की तरफ़ यात्रा करता है, सतह पर पृथ्वी का लंब गुरुत्व क्षेत्र
   1. सर्वत्र ह्रासमान है।
   2. सर्वत्र वर्धमान है।
   3. भारत में वर्धमान परंतु ऑस्ट्रेलिया में नहीं।
   4. ऑस्ट्रेलिया में ह्रासमान परंतु भारत में नहीं।

46. As one travels towards the north, the Earth's normal gravity field on the surface
   1. decreases everywhere
   2. increases everywhere
   3. increases in India , but not in Australia
   4. decreases in Australia, but not in India

47. उत्थित भूखंड संगत हैं
   1. हमेशा ऋण बूजे असंगतियों के साथ।
   2. हमेशा धन बूजे असंगतियों के साथ।
   3. अधोप्रतिकार के लिए धन बूजे असंगतियों के साथ तथा अतिप्रतिकार के लिए ऋण बूजे असंगतियों के साथ।
   4. अधोप्रतिकार के लिए ऋण बूजे असंगतियों के साथ तथा अतिप्रतिकार के लिए ऋण बूजे असंगतियों के साथ।

47. Elevated land masses are associated with
   1. negative Bouguer anomalies always
   2. positive Bouguer anomalies always
   3. Positive Bouguer anomalies for under-compensation and negative for over-compensation
   4. negative Bouguer anomalies for over-compensation and positive for under-compensation

48. यदि किसी पदार्थ के यंग, आयतन तथा दृढ़ता गुणांक E, K तथा $\mu$ हैं, तो
   1. $E > K > \mu$
   2. $K > E > \mu$
   3. $K > \mu > E$
   4. $E > \mu > K$

48. If E, K and $\mu$ are the Young's, bulk and rigidity moduli of a material, then
   1. $E > K > \mu$
   2. $K > E > \mu$
   3. $K > \mu > E$
   4. $E > \mu > K$

49. शिल्लांग में एक भूकंप का परिमाण 8.0 मापा गया। उसी भूकंप के दिल्ली तथा बंगलूरु में क्रमश: मापे गये परिमाण होंगे लगभग
   1. 6.0 तथा 4.0
   2. 6.0 तथा 6.0
   3. 8.0 तथा 6.0
   4. 8.0 तथा 8.0

49. An earthquake measured a magnitude of 8.0 at Shillong. The same earthquake measured at Delhi and Bengaluru, respectively, magnitudes of about
   1. 6.0 and 4.0
   2. 6.0 and 6.0
   3. 8.0 and 6.0
   4. 8.0 and 8.0

50. निम्न में से कौन-सा शैलों का उनकी अपनी प्रतिरोधकता के घटते क्रम में प्रतिधिनित्व करता है?
   1. बसॉल्ट, संगमरमर, बालूपत्थर, मृत्तिका
   2. संगमरमर, बसॉल्ट, बालूपत्थर, मृत्तिका
   3. बसॉल्ट, बालूपत्थर, संगमरमर, मृत्तिका
   4. मृत्तिका, बालूपत्थर, बसॉल्ट, संगमरमर

50. Which of the following represents rocks in their decreasing order of resistivity?
   1. Basalt, marble, sandstone, clay
   2. Marble, basalt, sandstone, clay
   3. Basalt, sandstone, marble, clay
   4. Clay, sandstone, basalt, marble

51. निचले वायुमंडल के लिए ऊष्मा का प्रमुख स्रोत है
   1. आकाशी तथा कॉस्मिक विकिरण
   2. अंदर आता सूर्य विकिरण
   3. ओज़ोन द्वारा पराबैंगनी विकिरण का अवशोषण
   4. भौम विकिरण

51. For the lower atmosphere, the main source of heat is
   1. space and cosmic radiation
   2. insolation
   3. absorption of UV radiation by ozone
   4. terrestrial radiation

52. जल वाष्प द्वारा अविरक्त विकिरण का अवशोषण इस पर मध्यित है:
   1. 9.6 $\mu$m
   2. 0.5 $\mu$m
   3. 6.3 $\mu$m
   4. 15.0 $\mu$m

52. Water vapour absorbs infrared radiation centred near
   1. 9.6 $\mu$m
   2. 0.5 $\mu$m
   3. 6.3 $\mu$m
   4. 15.0 $\mu$m

53. निम्न प्रांतों में से एक में कार्स्ट-स्थलाकृति पायी जाती है:
   1. उच्च वर्षा, बृहत चूना पत्थर, प्रचुर वनस्पति, शून्य चलद्रव प्रवणता
   2. अल्प वर्षा, बृहत चूना पत्थर, प्रचुर वनस्पति, पर्याप्त चलद्रव प्रवणता
   3. उच्च वर्षा, संयोजित चूना पत्थर, प्रचुर वनस्पति, पर्याप्त चलद्रव प्रवणता
   4. अल्प वर्षा, संयोजित चूना पत्थर, अल्प वनस्पति, शून्य चलद्रव प्रवणता

53. Karst topography is found in one of the following regions
   1. High-rainfall, massive limestones, abundant vegetation, zero hydraulic gradient
   2. Low-rainfall, massive limestones, abundant vegetation, appreciable hydraulic gradient
   3. High rainfall, jointed limestones, abundant vegetation, appreciable hydraulic gradient
   4. Low-rainfall, jointed limestones, poor vegetation, zero hydraulic gradient

54. हिमालय तथा राखीज़ वायुमंडल में ____ को उत्तेजित करते हैं
   1. भूमध्य रेखीय रॉस्बी तरंग
   2. छिछले गुरूत्व तरंग
   3. स्तब्ध रॉस्बी तरंग
   4. भूमध्यरेखीय कैल्विन तरंग

54. The Himalaya and Rockies excite ____ in the atmosphere
   1. equatorial Rossby waves
   2. shallow gravity waves
   3. stationary Rossby waves
   4. equatorial Kelvin waves

55. शुष्क वायुमंडलीय वात की एंट्रापी इसके अनुपात में है:
   1. उसके असली ताप का प्राकृतिक लघुगणक
   2. उसके विभव ताप का प्राकृतिक लघुगणक
   3. उसका असली ताप
   4. उसका विभव ताप

55. Entropy of dry atmospheric air is proportional to
   1. the natural logarithm of its actual temperature
   2. the natural logarithm of its potential temperature
   3. its actual temperature
   4. its potential temperature

56. कॉर्बनेट क्षतिपूर्ति गहराई विश्व-भर में एकसमान नहीं है क्योंकि वह इस पर निर्भर है:
   1. महासमुद्री ताप तथा दाब
   2. समीप के भूसतह से प्राप्त अवसाद की मात्रा
   3. मात्र अक्षांशी स्थान
   4. भूमि तथा सतही क्षेत्रफल का बंटन

56. Carbonate compensation depth in oceans, across the globe in not uniform because it depends upon-
   1. ocean temperatures and pressures
   2. amount of sediment received from adjacent land surface
   3. only on latitudinal position
   4. land and surface area distribution

57. महासमुद्र में तत्वों के निवास काल के सही बढ़ते क्रम का प्रतिनिधित्व निम्न में से कौन-सा एक करता है?
   1. Cl > Na > Mg > Fe
   2. Na > Cl > Mg > Fe
   3. Cl > Na > Fe > Mg
   4. Cl > Mg > Na > Fe

57. Which one of the following represents the correct ascending order of residence times of elements in the ocean?
   1. Cl > Na > Mg > Fe
   2. Na > Cl > Mg > Fe
   3. Cl > Na > Fe > Mg
   4. Cl > Mg > Na > Fe

58. विश्व के महासमुद्रों में कहां पर जैव उत्पादकता उच्चतम है?
   1. पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर
   2. पश्चिमी भूमध्यरेखीय अट्लैंटिक महासागर
   3. पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर
   4. पश्चिमी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर

58. Where in the world oceans is the biological productivity maximum?
   1. Eastern equatorial Indian Ocean
   2. Western equatorial Atlantic Ocean
   3. Eastern equatorial Pacific Ocean
   4. Western equatorial Indian Ocean

59. किस गहराई-प्रांत में एक दाबरागी रहता है?
   1. मध्यवेलापवर्ती प्रांत
   2. नेरिटांचली प्रांत
   3. अंतराज्वारीय प्रांत
   4. खाई प्रांत

59. In which depth zone does a piezophile dwell?
   1. Mesopelagic zone
   2. Neritic zone
   3. Intertidal zone
   4. Hadal zone

60. उन्मुक्त महासागर तक पहुंचकर उसकी प्राथमिक उत्पादकता को वर्धित करता क्रांतिक धूल-संवाहित सूक्ष्मपोषी है
   1. वैनेडियम    2. सैलेनियम
   3. लोहा    4. मैंगनीज़

60. The critical dust-transported micronutrient reaching and enhancing open ocean primary production is
   1. vanadium    2. selenium
   3. iron    4. manganese

61. ENSO है एक
   1. महासमुद्री प्रकिया
   2. वायुमंडलीय प्रकिया
   3. महासमुद्री-वायुमंडलीय युगलित प्रकिया
   4. महासमुद्री-वायुमंडलीय-भूमि युगलित प्रकिया

61. ENSO is an
   1. oceanic process
   2. atmospheric process
   3. ocean-atmospheric coupled process
   4. ocean-atmosphere-land coupled process

62. किसी महासमुद्री जल पुंज के गुणधर्म को निर्धारित करने के लिए आवश्यक है इनको परिभाषित करना
   1. ताप तथा लवणता
   2. ताप़ तथा गहराई
   3. लवणता तथा गहराई
   4. घनत्व तथा गहराई

62. To characterise an oceanic water mass it is necessary to define
   1. temperature and salinity
   2. temperature and depth
   3. salinity and depth
   4. density and depth

63. बृहत मापक्रम के मौसमविज्ञान प्रक्रिया के लिए निम्न में से कौन-सा अत्यंत महत्वपूर्ण है?
   1. जड़त्व-गुरुत्व तरंग
   2. ध्वनिक तरंग
   3. उत्प्लावकता तरंग
   4. रॉस्बी तरंग

63. Which of the following is the most important for large scale meteorological processes?
   1. Inertia-gravity waves
   2. Acoustic waves
   3. Buoyancy waves
   4. Rossby waves

64. महासमुद्री वाहक पट्टी इसको इंगित करता है
   1. पवन-संचालित परिसंचरण
   2. ऐकमन परिसंचरण
   3. ऊष्मा-लवणीय परिसंचरण
   4. भूविक्षेपी परिसंचरण

64. Oceanic conveyor belt refers to
   1. wind-driven circulation
   2. Ekman circulation
   3. thermohaline circulation
   4. geostrophic circulation

65. समुद्री जीवों के निम्न प्राणिता समुच्चय में कौन-सा नितलक का श्रेष्ठतम प्रतिनिधित्व करता है?
   1. पालिकेट्स, पेलिसिपोड़ा, उदरपाद
   2. साल्पस, सालमन, चिंगट
   3. स्पंज, मनंगू, मांसजंतु
   4. कोयलेंटरेटस, पालिकेट्स, सार्डिन

65. Which one of the following faunal set of marine organisms best represents benthos?
   1. polychaetes, pelecypods, gastropods
   2. salps, salmons, shrimps
   3. sponges, anchovies, bryozoans
   4. coelenterates, polychaetes, sardines

66. आंतरायिक क्षणिक पर्वतीय सरिताओं की जलवैज्ञानिक विशेषताओं के बारे में निम्न में से कौन-सा सही **नहीं** है?
   1. उच्च बाढ़ बांरबारिता
   2. उच्च प्रसरण गुणांक
   3. उच्च आंतरायिकता
   4. उच्च बाढ़ अवधि

66. Which one of the following about the hydrological characteristics of inter-mittent flashy mountainous streams in NOT correct ?
   1. High flood frequency
   2. High coefficient of variation
   3. High intermittence
   4. High flood duration

67. शैल आलेखों में तीव्र बाढ़ तथा वर्षा घटनायें प्राय: इनकी मोटी-संस्तरित इकाइयों से प्रतिनिधित्वित हैं।
   1. अल्प-छांटित अवसाद
   2. बड़े मापक्रम के तिर्यक्-संस्तर
   3. समांतर स्तरित सूक्ष्म बालू
   4. कोरछादित बजरी

67. In rock records, extreme floods and rainfall events are likely to be represented by thick bedded units of
   1. poorly sorted sediments
   2. large scale cross-beds
   3. parallel laminated fine sand
   4. imbricated gravels

68. पृथ्वी के वायुमंडल में गिरते हुये एक 5 मि.मी. वर्षा बूंद का क्या आकार है?

1. 
2. 
3. 
4. 

68. What is the shape of a 5 mm rain drop at it falls through the Earth's atmosphere?

1. 
2. 
3. 
4. 

69. एक तटीय जलभर में यदि भौम जल स्तर माध्य समुद्र स्तर (MSL) से 2 मी. ऊपर तथा भूमि के स्तर से 3 मी. नीचे (BGL) रहता है, उस स्थान पर समुद्र जल अंतरापृष्ठ इस गहराई पर पाया जायेगा:
   1. माध्य समुद्र सतह से 80 मी. नीचे
   2. भूस्तर से 82 मी. नीचे
   3. भूस्तर से 80 मी. नीचे
   4. भूस्तर से 83 मी. नीचे

69. In a coastal aquifer if the ground water table lies 2 m above mean sea level (MSL) and 3 m below ground level (BGL), the seawater interface at that location will be encountered at a depth of
   1. 80 m below MSL
   2. 82 m BGL
   3. 80 m BGL
   4. 83 m BGL

70. भारतीय सुदूर संवेदन उपग्रह IRS-P6 का LISS-IV कैमरा या तो सार्ववर्णी या बहुवर्णमालाई रीति में काम करता है इस आकाशीय विभेदन के साथ
   1. 1.0 मी.
   2. 5.8 मी.
   3. 23.5 मी.
   4. 60 मी.

70. The Indian Remote Sensing Satellite IRS-P6's LISS-IV camera operates either in panchromatic or multi-spectral mode with a spatial resolution of
   1. 1.0 m
   2. 5.8 m
   3. 23.5 m
   4. 60 m

# *भाग* \PART 'C'

71. Sn-W खनिजीकरण से संगत ग्रायसनीकरण में मूल खनिज समुच्चय का इससे पुनःस्थापन सम्मिलित है:
 1. क्वार्ट्ज़ + कैल्साईट
 2. मस्कोवाईट + क्लोराईट
 3. क्वार्ट्ज़ + क्लोराईट
 4. क्वार्ट्ज़ + मस्कोवाईट

71. Greisenisation associated with Sn-W mineralisation involves the replacement of the original mineral assemblage by
 1. quartz + calcite
 2. muscovite + chlorite
 3. quartz + chlorite
 4. quartz + muscovite

72. निम्न शैलों में कौन-सा पक्वन के दौरान तेल का उच्चतम आयतन उत्पादित करता है?
 1. जीवाश्मयुक्त चूना पत्थर
 2. मार्ल
 3. काला शेल
 4. सैप्रोपेलिक कोयला

72. Which of the following rocks produces maximum volume of oil during maturation?
 1. Fossiliferous limestone
 2. Marl
 3. Black shale
 4. Sapropelic coal

73. निम्न दो स्तंभ समुद्री सूक्ष्म जीवाश्मों तथा उनके पुरामहासुद्री प्रतिवेश की सूची प्रस्तुत करते हैं

| | स्तंभ -I | | स्तंभ -II |
|---|---|---|---|
| A | *ग्लोबिजेरीना बुल्लाइड्स* | P | छिछला महासमुद्री अध:स्तल |
| B | *ऐल्फिडियम* | Q | उत्स्रवण |
| C | *नियोग्लोबीक्वाड्रीना पैकिडेर्मा* | R | पुरातन सीवन क्षेत्र (प्लैट सीमा) |
| D | रेडियोलेरिया | S | ध्रुवीय जल पुंज |

निम्न में से सही मेलान कौन-सा है?
 1. A – S, B – P, C – R, D – Q
 2. A – Q, B – P, C – S, D – R
 3. A – P, B – Q, C – R, D – S
 4. A – S, B – R, C – Q, D – P

73. The following two columns list marine microfossils and their paleoceanographic setting.

| | Column-I | | Column-II |
|---|---|---|---|
| A | *Globigerina bulloides* | P | Shallow ocean floor |
| B | *Elphidium* | Q | upwelling |
| C | *Neogloboquadrina pachyderma* | R | Ancient suture zone (plate boundary) |
| D | Radiolaria | S | Polar water mass |

Which one of the following is the correct match?
 1. A – S, B – P, C – R, D – Q
 2. A – Q, B – P, C – S, D – R
 3. A – P, B – Q, C – R, D – S
 4. A – S, B – R, C – Q, D – P

74. निम्न तालिका स्तरिक इकाइयों तथा उनके अंदर के आर्थिक निक्षेपों की सूची प्रस्तुत करती है।

| | स्तरिक इकाइयां | आर्थिक निक्षेप |
|---|---|---|
| A | उदयपुर समूह | बैराइट |
| B | नल्लामलाई समूह | Pb-Zn |
| C | बाबाबुदान समूह | फ़ास्फोराइट |
| D | सैम्री समूह | लोहा |

तालिका की कौन-सी पंक्ति सही मेलान दर्शाती है?

1. A  2. B
3. C  4. D

74. The table below lists stratigraphic units and economic deposits within them.

| | Stratigraphic units | Economic deposits |
|---|---|---|
| A | Udaipur Group | Barite |
| B | Nallamalai Group | Pb-Zn |
| C | Bababudan Group | Phosphorite |
| D | Semri Group | Iron |

Which row in the table represents correct pairing?

1. A  2. B
3. C  4. D

75. निम्न में से कौन-सा, पृथ्वी की सतह के पास के एक स्रोत-शैल से बनता है?
   1. ब्यूटेन  2. मीथेन
   3. टोलुवीन  4. साइक्लोपेंटेन

75. Which of the following forms from a source rock near the Earth's surface?
   1. Butane  2. Methane
   3. Toluene  4. Cyclopentane

76. किसी स्फटिक के एकक कोष्ठिका प्राचल **a**, **b** तथा **c** क्रमश: 10Å, 20Å तथा 30Å हैं। स्फटिक संरचनात्मक अक्षों X, Y तथा Z की 30Å, 60Å तथा पर 60Å अंत:खण्डित करते एक आनन के मिलर सूचकांक क्या होंगे? (यह मानें कि X, Y तथा Z क्रमश: **a**, **b** तथा **c** के समांतर हैं)
   1. 1 2 3  2. 3 2 1
   3. 2 2 3  4. 3 2 2

76. The unit-cell parameters **a**, **b** and **c** of a crystal are 10Å, 20Å and 30Å, respectively. What will be the Miller indices for a face that intercepts the crystallographic axes X, Y and Z at 30Å, 60Å and 60Å? Assume that X, Y and Z are respectively parallel to **a**, **b** and **c**.
   1. 1 2 3  2. 3 2 1
   3. 2 2 3  4. 3 2 2

77. निम्न आग्नेय गठनों में कौन-सा एक गलनक्रांतिक स्फटिकीकरण को इंगित करता है?
   1. पर्थाइटी  2. ग्रैनोफायरी
   3. पार्फिरिटिक  4. ट्रैकाइटिक

77. Which one of the following igneous textures is indicative of eutectic crystallization?
   1. perthitic  2. granophyric
   3. porphyritic  4. trachytic

78. किसी ग्रेनाइट तथा उसके खनिजों के समस्थानिकी विकास को निम्न चित्र दर्शाता है




निम्न मेलानों में से कौन-सा सही है?
   1. X – स्थूल शैल, Y – बायोटाइट, Z – ऐपाटाइट
   2. X – ऐपाटाइट, Y – बायोटाइट, Z – स्थूल शैल
   3. X – बायोटाइट, Y – स्थूल शैल, Z – ऐपाटाइट
   4. X – बायोटाइट, Y – ऐपाटाइट, Z – स्थूल शैल

78. The following diagram shows the isotopic evolution of a granite and some of its minerals.




Which one of the following matches is correct ?
   1. X – whole rock, Y – biotite, Z – apatite
   2. X – apatite, Y – biotite, Z – whole rock
   3. X – biotite, Y – whole rock, Z – apatite
   4. X – biotite, Y – apatite, Z – whole rock

79. क्रमश: 100ppm तथा 40ppm Sr सांद्रतावाले कार्बनेट तथा शेल 1:3 के अनुपात में मिलाये जाते हैं। मिश्रण की Sr सांद्रता होगी
   1. 70 ppm  2. 140 ppm
   3. 55 ppm  4. 45 ppm

79. Carbonate and shale having Sr concentrations of 100 ppm and 40 ppm, respectively, are mixed in the 1:3 proportion. The Sr concentration of the mixture will be
   1. 70 ppm  2. 140 ppm
   3. 55 ppm  4. 45 ppm

80. निम्न तालिका अवसादी संरचनाओं तथा उनकी रचना की प्रक्रियाओं को सूचित करती है।

| | अवसादी संरचनायें | रचना की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| A | भार कास्ट | धारा बल में विसरण |
| B | प्रॉड चिह्न | अपरदन |
| C | फ़्लेसर संस्तरण | तरंग-पुन:कार्यण |
| D | शेव्रान तिर्यक-संस्तरण | गुरुत्वीय अस्थायित्व |

तालिका की कौन-सी पंक्ति सही मिलान का प्रतिनिधित्व करती है?
   1. A  2. B
   3. C  4. D

80. The table below lists sedimentary structures and their processes of formation.

| | Sedimentary structures | Process of formation |
|---|---|---|
| A | Load casts | Fluctuations in current strength |
| B | Prod marks | Erosion |
| C | Flaser bedding | Wave-reworking |
| D | Chevron cross-stratification | Gravitational instability |

Which row in the table represents the correct pairing?

1. A
2. B
3. C
4. D

81. पैरिडोटाइट की बनावट का निम्न में कौन-सा प्रतिनिधित्व करता है?

1. ओलिविन (50%), आर्थोपाइराक्सीन (38%), क्लाइनोपाइराक्सीन (12%)
2. ओलिविन (40%), क्लाइनोपाइराक्सीन (30%), प्लैजियोक्लेज़ (30%)
3. ओलिविन (30%), आर्थोपाइराक्सीन (30%), क्लाइनोपाइराक्सीन (40%)
4. ओलिविन (30%), आर्थोपाइराक्सीन (30%), प्लैजियोक्लेज़ (40%)

81. Which one of the following represents the composition of peridotite?

1. Olivine (50%), Orthopyroxene (38%), Clinopyroxene (12%)
2. Olivine (40%), Clinopyroxene (30%), Plagioclase (30%)
3. Olivine (30%), Orthopyroxene (30%), Clinopyroxene (40%)
4. Olivine (30%), Orthopyroxene (30%), Plagioclase (40%)

82. निम्न शैलों में से कौन-सा तन्य विरूपण की विशेषता बताता है?

1. ब्रैक्शिया
2. गाऊज
3. कैटाक्लैसाइट
4. माइलोनाइट

82. Which one of the following rocks characterises ductile deformation?

1. Breccias
2. Gouge
3. Cataclasite
4. Mylonite

83. एक पूर्ववलन ($F_1$) तथा एक उत्तर वलन ($F_2$) के व्यातिकरण के कारण बनी एक पुनर्वलित संरचना को निम्न चित्र दर्शाता है। चित्र में (a) तथा (b) पर प्रेक्षणों की सही व्याख्या निम्न में से कौन-सी है?




1. (a) $F_1$ वलन तथा $F_1$ अक्षीय तलीय विदलन
   (b) $F_2$ वलन तथा $F_2$ अक्षीय तलीय विदलन
2. (a) $F_2$ वलन तथा $F_2$ अक्षीय तलीय विदलन
   (b) $F_1$ वलन तथा $F_1$ अक्षीय तलीय विदलन
3. (a) $F_2$ वलन तथा $F_1$ अक्षीय तलीय विदलन
   (b) $F_1$ वलन तथा $F_2$ अक्षीय तलीय विदलन
4. (a) $F_1$ वलन तथा $F_2$ अक्षीय तलीय विदलन
   (b) $F_2$ वलन तथा $F_1$ अक्षीय तलीय विदलन

83. The following figure shows a refolded structure formed due to interference of an early fold ($F_1$) and a late fold ($F_2$). Which one of the following is the correct interpretation of observations at (a) and (b) in the figure?




1. (a) $F_1$ fold and $F_1$ axial planar cleavage
   (b) $F_2$ fold and $F_2$ axial planar cleavage
2. (a) $F_2$ fold and $F_2$ axial planar cleavage
   (b) $F_1$ fold and $F_1$ axial planar cleavage
3. (a) $F_2$ fold and $F_1$ axial planar cleavage
   (b) $F_1$ fold and $F_2$ axial planar cleavage
4. (a) $F_1$ fold and $F_2$ axial planar cleavage
   (b) $F_2$ fold and $F_1$ axial planar cleavage

84. यदि महाद्वीपीय पर्पटी का घनत्व 2.5 ग्रा.प्रति घन सें.मी. है, तो स्थलमंडलीय दाब प्रवणता लगभग होगी

1. 2.5 पैस्कल प्रति मी.
2. 25 पैस्कल प्रति मी.
3. 2.5 किलो पैस्कल प्रति मी.
4. 25 किलो पैस्कल प्रति मी.

84. If the density of the continental crust is 2.5 g/cm$^3$, the lithostatic pressure gradient will be approximately

1. 2.5 Pascal/m
2. 25 Pascal/m
3. 2.5 kilo Pascal/m
4. 25 kilo Pascal/m

85. निम्न तालिका संस्तरी एककों तथा उनकी आयु को सूचित करती है

| | संस्तरी एकक | आयु |
|---|---|---|
| A | भुज संरचना | जूरासिक |
| B | बाघ समूह | क्रेटेशियस |
| C | जयंतिया समूह | नियोजीन |
| D | शिवालिक समूह | पैलियोजीन |

कौन-सी पंक्ति सही युगलन का प्रतिनिधित्व करती है?

1. A
2. B
3. C
4. D

85. The table below lists stratigraphic units and their respective ages.

| | Stratigraphic unit | Age |
|---|---|---|
| A | Bhuj Formation | Jurassic |
| B | Bagh Group | Cretaceous |
| C | Jaintia Group | Neogene |
| D | Siwalik Group | Palaeogene |

Which row represents the correct pairing?

1. A
2. B
3. C
4. D

86. जीवाश्म समूह जिनका अच्छा जैवसंस्तरिक उपयोग है, उनका गुणधर्म है

1. तेज़ क्रमविकासी गति तथा विशाल भौगोलिक परिसर
2. मंद क्रमविकासी गति तथा विशाल भौगोलिक परिसर
3. मंद क्रमविकासी गति तथा विशेषक्षेत्री
4. तेज़ क्रमविकासी गति तथा विशेषक्षेत्री

86. Fossil groups which have good biostratigraphic utility are characterized by

1. rapid evolutionary rate and wide geographic range
2. slow evolutionary rate and wide geographic range
3. slow evolutionary rate and endemic
4. rapid evolutionary rate and endemic

87. एक पत्तर जैसे पिंड के पार ऊर्ध्वाधर चुंबकीय असंगति ने अपने असंगति अक्ष के गिर्द एक विषम सममिता दर्शायी, असंगति के उच्चतम तथा न्यूनतम स्थान निर्देशांकों 85 मी. तथा 125 मी. पर क्रमश: स्थित। निम्न निष्कर्षों में से कौन-से सही हैं?

**I 1**: पिंड के तल में पत्तर चुंबकीकृत है ।

**I 2**: पत्तर का शीर्ष, बिंदु के नीचे दूरी निर्देशांक 100 मी. पर स्थित है।

**I 3**: पत्तर के शीर्ष की गहराई 20मी. है।

1. **I 1, I 2, I 3**
2. **I 1, I 2**
3. **I 2, I 3**
4. **I 3, I 1**

87. The vertical magnetic anomaly across a sheet like body showed an odd symmetry about its anomaly axis, with the positions of the maximum and minimum anomaly points located at the coordinates 85 m and 125 m, respectively. Which of the following inferences are correct?

**I 1**: The sheet is magnetized in the plane of the body.

**I 2**: The top of the sheet is located below the point at the distance coordinate 100 m.

**I 3**: The depth to the top of the sheet is 20m.

1. **I 1, I 2, I 3**
2. **I 1, I 2**
3. **I 2, I 3**
4. **I 3, I 1**

88. 0.5 गाउस की पृथ्वी की चुंबकता क्षेत्र में, चुंबकीय अक्षांश $\tan^{-1}(0.5)$ पर 0.02 सें.ग्रा.से. इकाइयों की सुग्राहिता वाला एक असंगत पिंड चुंबकीकृत किया जाता है। 0.01 सें.ग्रा.से. इकाई की एक अवशेष चुंबकत्व भी है, – 45° नति तथा 180° दिक्पात के साथ। असंगत पिंड बनाता है

1. अल्प या कोई चुंबकीय असंगतियां नहीं।
2. सशक्त धन असंगतियां, मध्यम ऋण असंगतियों से आवृत।

3. सशक्त ऋण असंगतियां, मध्यम ऋण असंगतियों से आवृत।
4. दक्षिण में मध्यम धन असंगतियां, तद्पश्चात् उत्तर में मध्यम ऋण असंगतियां।

**88.** An anomalous body of susceptibility 0.02 cgs units is magnetized by induction in the Earth's magnetic field of 0.5 gauss at the magnetic latitude $\tan^{-1}(0.5)$. The body has also a remanent magnetism of 0.01 cgs units, with a dip of − 45° and declination 180°. The anomalous body produces
1. little or no magnetic anomalies
2. strong positive anomalies surrounded by moderate negative anomalies
3. strong negative anomalies surrounded by moderate positive anomalies
4. moderate positive anomalies in the south followed by moderate negative anomalies in the north.

**89.** **कथन I** : अपरदी अवशेष चुंबकत्व (DRM) शैलों में, करोड़ों वर्षों से परिवेशी चुंबकीय क्षेत्र में उनके प्रभावन के कारण बनाये रहता है।

**कथन II**: DRM अस्थायी है तथा ऊष्मिक विचुंबकन द्वारा नाश किया जा सकता है।
1. दोनों सही हैं।
2. I सही, परंतु II गलत है।
3. I गलत है, परंतु II सही है।
4. दोनों गलत हैं।

